रथपर सवार होकर दर्शन देने निकले भगवान श्रीराम-लक्ष्मण

भव्यताके साथ निकला मम्फोर्डगंजका रामदल, जय श्रीरामके जयकारोंसे गूंजा पूरा क्षेत्र

श्री रामदल कमेटी ममफोर्डगंज की ओर से तीसरी बार अपनी असीम भव्यता, दिव्यता और पारंपरिक गरिमा के साथ धूमधाम से रामदल निकाला गया। सुसज्जित रथ पर सवार होकर निकले प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण ने भक्तों को दर्शन दिया।

जय श्रीराम के जयकारों, बैंड-बाजे और भक्तिमय संगीत की धुन पर पूरा क्षेत्र राममय हो गया। राम दल की शुरुआत ममफोर्डगंज स्थित निगम चौराहे से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद हुई।

इसके पश्चात जुलूस ऐतिहासिक फव्वारा चौराहा, मयोराबाद, कमला नगर चौराहा, आबकारी चौराहा, हलवाई चौराहा तथा भारत स्काउट चौराहा से होते हुए पूरे ममफोर्डगंज और नया कटरा चौराहे तक पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जुलूस का भावभीना स्वागत किया। रामदल में दर्जनों कलात्मक और जीवंत झांकियां शामिल थीं, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

विभिन्न प्रसंगों पर आधारित ये झांकियां, सुसज्जित बैंड और भक्ति धुनों पर थिरकते डीजे पूरे मार्ग में आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहे। प्रारंभ स्थल (निगम चौराहे) पर स्थापित प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और पवनपुत्र हनुमान जी के भव्य दरबार की आरती एवं पूजन-अर्चन मुख्य अतिथियों तथा कमेटी के संयोजक आलोक श्रीवास्तव, डा. पवन प्रजापति, विमल गुप्ता, अर्जुन केसरवानी, जसमीत सिंह खेडा और प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रवीण पटेल, महापौर, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, करछना विधायक पीयूष रंजन, पूर्व विधायक दीपक पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह, पूर्व आईपीएस केपी सिंह, अजय श्रीवास्तव, कुमार नारायण, अवधेश गुप्ता, आनंद अग्रवाल, विश्वास रावत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के मुख्य संयोजक केशव सिंह, दिलीप सिंह, अंकित राज, एस. के. पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, विजय मिश्रा, विकास सिंह, संजय बहल, प्रभात सक्सेना, आकाश श्रीवास्तव, सतीश प्रजापति, सुमित यादव, महेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। अंत में कमेटी के पदाधिकारियों ने राम दल को सकुशल एवं भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए सभी क्षेत्रवासियों, पुलिस-प्रशासन का आभार व्यक्त किया।



मम्फोर्डगंजमें रामदलमें शामिल भगवानकी सवारी।

मामीके घर गयी युवतीपर चाकूसे हमला, जख्मी

दारागंज स्थित पूरापड़ाइन इलाकेमें हुई घटना

दारागंज थाना क्षेत्र में मामी के घर गई युवती पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मीरा साहू और उसके पति गणेश ने युवती से गालीगलौज कर मारपीट की। दारागंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। दारागंज पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

दारागंज के गल्लामंडी पूरा पड़ाइन निवासी तनु यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दो अक्तूबर की सुबह करीब नौ बजे अपनी मामी से मिलने उनके घर गई थी। आरोप है कि मामी के घर के ऊपरी कमरे में रहने वाले मीरा और गणेश नीचे आए और उससे गालीगलौज करते हुए पूछा कि वह वहां क्यों आती हो। विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान मीरा ने चाकू से गले पर वार कर दिया। इससे वह घायल हो गई और काफी खून बहने लगा।

हमलावर ने दोबारा चाकू से वार करने की कोशिश की, लेकिन तभी मोहल्ले के लोग पहुंच गए और बीच-बचाव कर उसे बचा लिया। तनु ने आशंका जताई कि यदि लोग समय पर नहीं पहुंचते तो उसकी जान जा सकती थी।

पीईटी परीक्षाके लिए रेलवेने की तैयारियां, चलेंगी विशेष ट्रेनें

आगामी २५ एवं ३० अक्तूबर तथा एक नवम्बर को आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा-२०२६ के दौरान परीक्षार्थियों की सम्भावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल द्वारा यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए व्यापक रेल परिचालन योजना तैयार की गयी है। परीक्षा तीन तिथियों पर दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली का समय पूर्वान्ह दस बजे से दोपहर १२ बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है। विभिन्न शहरों एवं रेलवे स्टेशनों के बीच परीक्षार्थियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों, मौजूदा ट्रेनों के विस्तार, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ठहराव तथा उपलब्ध रेक के प्रभावी उपयोग की व्यवस्था की गयी है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रयागराज मंडल द्वारा दो महत्वपूर्ण एकतरफा अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या ०१८२१-प्रयागराज जंक्शन से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी १२ कोच वाली अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन २४, २९ एवं ३१ अक्तूबर २०२६ को प्रयागराज जंक्शन से रात्रि ७.४५ बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः ५.१५ बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। इसी क्रम में कानपुर सेंट्रल से मथुरा जंक्शन तक चलने वाली गाड़ी संख्या ०१८२३ अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन २४, २९ एवं ३१ अक्तूबर को कानपुर सेंट्रल से रात्रि आठ बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन प्रातः ३.१० बजे मथुरा जंक्शन पहुंचेगी। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मण्डलों के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित रेल मंडलों के समन्वय से भी विशेष ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, मथुरा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी तथा अन्य सम्बन्धित गंतव्यों के लिए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गयी है। आवश्यकता पड़ने पर कुछ नियमित ट्रेनों के गंतव्य का विस्तार करने तथा उनके समय में बदलाव करने की व्यवस्था भी की गयी है। इसी क्रम में कानपुर सेंट्रल-लखनऊ, कानपुर सेंट्रल-रायबरेली एवं कानपुर सेंट्रल-खजुराहो खंड की तीन ट्रेनों के समय में आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त कानपुर सेंट्रल-फतेहपुर, इटावा-कानपुर सेंट्रल, कानपुर सेंट्रल-टूण्डला तथा अन्य सम्बन्धित खण्डों की कुल नौ ट्रेनों के विस्तार का प्रावधान रखा गया है।

यमुनामें कूदे युवकको जल पुलिसने बचाया

नए यमुना पुल से गुरुवार शाम करीब पांच बजे एक युवक ने छलांग लगा दी। हालांकि, ड्यूटीरत जल पुलिस की टीम ने युवक को बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला। युवक की पहचान खजुरी आजमगढ़ निवासी ३५ वर्षीय देवनांद पांडेय पुत्र भगवती पांडेय के रूप में हुई। कीडगंज पुलिस ने पूछताछ के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी।

नाका चौकी प्रभारी धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार प्रतीत हो रहा है। वह कहीं से यात्रा करते हुए यमुना पुल पर पहुंचा और छलांग लगा दी थी।

धनतेरस पर्वकी तैयारीमें जुटे कारोबारी

मंगाये जा रहे नये स्टाक

दशहरा एवं दुर्गापूजा पर्व के बाद एक बार फिर से व्यापारियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। आगामी धनतेरस और दीपावली पर्व के मद्देनजर कारोबारियों की व्यस्तता बढ़ गयी है। ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए बाजारों में बर्तनों, आभूषणों, सजावटी सामानों और अन्य पारंपरिक वस्तुओं का नया स्टाक बड़े पैमाने पर मंगवाया जाता है।

नगर का ठठेरी बाजार फुटकर एवं थोक लिए ज्यादा जाना जाता है। यहां से आस पास के ग्रामीण इलाकों और कस्बे में सबसे ज्यादा आपूर्ति होती है। कस्बे के व्यापारियों ने अपने मांग की बुकिंग कराना शुरू कर दिया है। धनतेरस पर बर्तन खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। इसलिए दुकानदारों ने ग्राहकों की पसंद के हिसाब से स्टाक तैयार किया है। रोजाना इस्तेमाल होने वाले स्टील के गिलास, कटोरी, चम्मच, थाली, डोंगे, जग और पीतल व तांबे के पूजा के बर्तन बड़ी मात्रा में मंगवाये हैं। इसके अलावा नान स्टिक कुकवेयर, डिनर सेट, मल्टी बर्नर चूल्हा, इंडक्शन और ओवन जैसे आधुनिक होम अप्लायंसेज का भी भरपूर स्टाक बाजारों सज चुका है।

इधर त्योहार से ठीक पहले नगर के आभूषणों के मुख्य बाजार महाजनी टोला, चौक, मीरगंज, लोकनाथ, रानीमण्डी, बहादुरगंज, सिविल लाइंस, कटरा सहित अन्य बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में कुछ गिरावट देखी गयी हैं। जिससे खरीदारों को राहत मिल रही है। व्यापारी बड़े कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं। चौक के सराफा कारोबारी दिनेश सिंह ने बताया कि सोने की बढ़ती कीमतों के कारण इस बार महंगे हैवी आभूषणों की जगह लोग सोने-चांदी के सिक्के, बार और लाइटवेट आभूषणों को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। जिसके चलते व्यापारियों ने इसी तरह का स्टाक ज्यादा मंगवाया है। वहीं बाजार में केवल कीमता धातुएं ही नहीं बल्कि कम बजट वाले ग्राहकों के लिए भी प्रचुर मात्रा में स्टाक उपलब्ध है। मिट्टी और अन्य धातुओं से बनी लक्ष्मी-गणेश की नयी मूर्तियों का बड़ा स्टाक बाजारों में पहुंच चुका है। झाड़ू जो लक्ष्मी जी का प्रतीक मानी जाता हैं। धनिया के बीज, गोमती चक्र, पीली कौड़ी और पूजा के दियों का भी व्यापारियों ने एडवांस स्टाक रख लिया है।

सूबेदारगंज स्टेशनपर महाप्रबन्धकने यात्रियोंसे किया संवाद

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में बीते दो से ३१ अक्तूबर तक 'स्पेशल कैंपेन ६.०' का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के नेतृत्व में आज उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूबेदारगंज स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्रियों से संवाद कर फीडबैक लिया।

महाप्रबंधक ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे में चलाये जा रहे इस स्वच्छता अभियान के तहत लगातार लोगों और यात्रियों के सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने विभिन्न कोचों का निरीक्षण कर यात्रियों से संवाद किया, जिसमें ज्यादातर लोग रेलवे की सेवाओं से संतुष्ट नजर आये। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि महिला यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जाएगा और उन्हें पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जायेगी। यह अभियान एक महीने का है, लेकिन स्वच्छता और साफ-सफाई एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे साल जारी रहने वाली है। इस अभियान के दौरान स्टेशन पर उन्होंने यात्रियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उत्तर मध्य रेलवे की सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए उनके बहुमूल्य सुझाव और फीडबैक लिया। यात्रियों से मुख्य रूप से स्वच्छता, खान-पान सेवा, यात्री सुविधाओं और शौचालय व्यवस्था से सम्बन्धित फीडबैक प्राप्त किया गया। महाप्रबंधक ने ट्रेन संख्या २०४३३ (जम्मू मेल) के डिब्बों में जाकर यात्रियों से उनके अनुभव साझा किया और उनकी शिकायतों को भी सुना। इसी क्रम में, उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख स्टेशनों पर भी इसी तरह के जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं दूसरी ओर मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों से संवाद किया गया। उन्होंने यात्रियों के यात्रा अनुभवों, समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना तथा यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए उनके विचार प्राप्त किए। इसके साथ ही गाड़ी संख्या १३०५१ नेताजी एक्सप्रेस में यात्रियों से संवाद कर ट्रेन में साफ-सफाई एवं यात्रा के दौरान उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गयी। प्रयागराज छिवकी जंक्शन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने यात्रियों से जन संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। मानिकपुर जंक्शन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट), श्रीमती शीरत फातिमा ने यात्रियों से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया।



श्रीसुमंगलमका स्थापना समारोह २५ को

शामिल होंगे राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य प्रदेशके मंत्री स्वतंत्रदेव

सामाजिक संस्था श्रीसुमंगलम का स्थापना समारोह २५ अक्टूबर को चांडी परिसर नैनी में होगा। असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह करेंगे और आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल मुख्य वक्ता रहेंगे।।

व्यवसायी एवं महानगर अध्यक्ष आशीष केशरवानी के सिविल लाइंस स्थित आवास पर संस्था के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम के सभी बिंदुओं पर चर्चा कर तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति संस्था का स्थापना दिवस चांडी परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गरीब , असहाय एवं पीड़ित लोगों के सेहत की जांच करते हुए उन्हें उपहार भी दिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनियुक्त राज्यसभा सांसद राधाकांत ओझा एवं प्रसिद्ध उद्योगपति आरके चौधरी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में संस्थापक अरविंद, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव, विनय पटेल, सुरेश बहादुर सिंह, अजित बहादुर आदि मौजूद रहे।

कार सवार युवकोंपर युवतीसे छेड़खानी का आरोप

मुट्ठीगंज का दशहरा मेला देखकर लौट रही युवती से पुराने यमुना पुल के पास छेड़खानी का आरोप है। कार सवार युवकों ने युवती पर अश्लील टिप्पणी की।

विरोध करने पर उसके दोस्त से मारपीट की और युवती को स्कूटी से उतारकर जबरन कार में बैठाने का प्रयास किया। शोर मचने पर आरोपित नैनी की तरफ भाग निकले। कीडगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। कीडगंज थाना क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि बुधवार तड़के करीब चार बजे वह अपनी महिला मित्र और उसके भाई के साथ मुट्ठीगंज का दशहरा मेला देखने गया था। युवक बाइक से था, जबकि युवती अपने भाई के साथ स्कूटी से जा रही थी। मेला देखकर लौटते समय पुराने यमुना पुल के पास कार सवार पांच युवक उनके करीब पहुंचे।

आरोप है कि युवकों ने स्कूटी के बगल में कार लगाकर युवती पर अश्लील टिप्पणी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने युवक से गालीगलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद युवती को स्कूटी से उतारकर जबरन कार में बैठाने की कोशिश की गई। शोर मचने पर आसपास के लोगों का ध्यान उनकी ओर गया तो आरोपित कार लेकर नैनी की तरफ फरार हो गए। कीडगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, साक्ष्यों के आधार पर आगे की काररवाई की जायेगी।

अधिवक्ता हत्याकांडके फरार आरोपितोंकी तलाशमें दबिश

कर्नलगंज के सलोरी में नजूल की जमीन के विवाद में लैब अटेंडेंट व अधिवक्ता सतीश कुमार श्रीवास्तव की हत्या के मामले में फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग शहरों में दबिश दे रही हैं। कौशाम्बी, प्रतापगढ़ समेत कई संभावित स्थानों पर पुलिस छापामारी कर रही है। आरोपियों के मोबाइल नंबर बंद होने से उनकी लोकेशन का पता लगाने में पुलिस को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मामले में देवेंद्रनाथ के बेटे समेत कई आरोपी अब भी फरार हैं।

पुलिस फरार आरोपियों तक पहुंचने के लिए उनके परिचितों और संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं, घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है, ताकि वारदात में शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सके। इसमें देवेंद्रनाथ के बेटे समेत फरार लोगों की भूमिका और आरोपित की पत्नी की भूमिका से जुड़े बिंदुओं की पड़ताल भी शामिल है। गुरुवार को सलोरी में सतीश की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोप था कि देवेंद्र अपने बेटे नृपेंद्रनाथ और अन्य लोगों के साथ जमीन पर कब्जे की नीयत से बाउंड्री फांदकर अंदर गया और वहां सतीश के साथ मारपीट करने के बाद गोली मार दी गई। कर्नलगंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा, दबिश दी जा रही है। वहीं अधिवक्ता सतीश चन्द्र की पत्नी वर्षा श्रीवास्तव ने सीएम योगी को पत्र लिखकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगायी है। पीड़िता ने आरोपितों को कड़ी सजा एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। आर्थिक मदद एवं मुआवजा की मांग की गयी।

धूमधामसे मना विजया सम्मेलन, भजनपर झूमे श्रद्धालु

जीटीबी नगर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति करेली के तत्वावधान में दुर्गापूजा पार्क में आयोजित विजया सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार दत्ता ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विजया सम्मेलन बंगाली समाज की एकता, प्रेम और संस्कृति का प्रतीक है। मां दुर्गा की विदाई के बाद समाज का एक साथ मिलना ही इस पर्व की असली भावना है। शाम करीब साढ़े सात बजे कमेटी अध्यक्ष प्रदीप दत्ता एवं केपी ट्रस्ट के पूर्व प्रवक्ता सुमित श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। महिलाएं, पुरुष और बच्चे देर रात तक भजनों पर थिरकते रहे। भजन संध्या के बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसे सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रजत घोष एवं धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष संदीप बछार ने किया। कार्यक्रम में हेमंत बनर्जी, ओपी श्रीवास्तव, आरके खन्ना, प्रशांत व्यास, दीपक चौधरी, अभिषेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

बिरहा, भजनों और मयूर नृत्य प्रस्तुतिपर झूमे लोग

एनसीजेडसीसी में १४ दिवसीय दीपावली शिल्प मेला शुरू



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सांस्कृतिक केंद्र परिसर स्थित शिल्पहाट में गुरुवार को १४ दिवसीय दीपावली शिल्प मेले का भव्य आरम्भ हुआ। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईजी के पी सिंह, केंद्र निदेशक सुदेश शर्मा, श्रीमती मंजू शर्मा, उपनिदेशक डाक्टर मुकेश उपाध्याय और सलाहकार कल्पना सहाय के साथ दीप जलाकर सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत सौदामिनी संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों के स्वस्तिवाचन से हुई। इसके बाद गौरी एवं यथार्थ ने 'वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभ' मंत्र का सस्वर पाठ किया। लोकगायिका प्रियंका माधुरी ने बिरहा गायन के माध्यम से लोकजीवन की भावनाओं और पौराणिक प्रसंगों को जीवंत किया। 'बनवा में राम गइले, सिया के हरण भइले' जैसे गीत के जरिए उन्होंने राम के वनगमन और सीता हरण की पीड़ा को सुरों में पिरोया। वहीं, 'बहिनिया मनमोहन की बावरी', 'निर्भय वीर धनुर्धर पार्थ की दुल्हनिया' और दुर्वासा प्रसंग पर आधारित बिरहा ने श्रोताओं को लोकगायन की समृद्ध परम्परा से परिचित कराया। हर्षिता सुदर्शन ने गाइये गणपति जगवंदन, जिसका रखवाला है राम, ऐसी लागी लगन पिया तोसे लगा जो ये मन 'धरती पर आया स्वर्ग उतरकर, ऐसा त्योहार दिवाली रोशनी वाली' और 'नई झुलनी के छइया बलम, दोपहरिया दिलाय दा हो' जैसे गीतों से दीपावली की उमंग और लोकसंगीत की मिठास बिखेरी। युवा कलाकार हर्षिता सुदर्शन ने 'गाइये गणपति जगवंदन', 'जिसका रखवाला है राम', 'ऐसी लागी लगन', 'राम भजन कर मन' और 'पिया तोसे लगा जो ये मन' की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डाक्टर सुरेंद्र कुमार ने उपशास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर संगीत संध्या को नयी ऊंचाई दी। संध्या का प्रमुख आकर्षण मथुरा के गिरधर गोपाल शर्मा एवं दल की प्रस्तुति रही। कलाकारों ने 'ब्रज वंदना-चारों धामों से निकला ब्रजधाम' से प्रस्तुति का आगाज किया। इसके बाद 'आज अपने कान्हा कूं मुखड़ौ दिखाय दै, घुंघटा हटाय दै राधे' गीत पर ब्रज की लोकपरंपरा और राधा-कृष्ण की भक्ति को मंच पर साकार किया। 'आयौ रसिया, मोर बन आयौ रसिया' गीत पर प्रस्तुत मयूर नृत्य ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

चार नवम्बरको पीएनजी ज्वेलर्स स्टोरका उद्घाटन करेंगी कंगना रनौत



उत्तर भारत में पीएनजी ज्वेलर्स का विस्तार करना कंपनी का फोकस है। इसी क्रम में अपने मुख्य बाजारों के विस्तार के तहत लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी और अयोध्या के बाद प्रयागराज में उत्तर प्रदेश में पीएनजी ज्वेलर्स का छठा स्टोर होगा। गुरूवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान हेड-मार्केटिंग ई-कामर्स सीआरएमसीएसआर हेमंत चावान ने बताया कि प्रयागराज स्थित सिविल लाइंस में छठे स्टोर का उद्घाटन भाजपा सांसद कंगना रनौत करेंगी। इस समय भारत में ८१ स्टोर हैं। मार्च २०२७ तक इनकी संख्या सौ से अधिक करने का लक्ष्य है।

प्रतिबंधित कोडीन सिरप की ३५८ शीशियोंके साथ एक गिरफ्तार

छत्तीसगढ़का रहने वाला है आरोपित, सप्लाई नेटवर्क खंगाल रही कीडगंज पुलिस

प्रतिबंधित कोडीन युक्त सिरप की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कीडगंज पुलिस ने बुधवार को परेड ग्राउंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से १००-१०० एमएल की ३५८ शीशियां बरामद हुईं। पकड़ा गया आरोपित छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कोटा थाना क्षेत्र के भाड़म गनियारी गांव का नरेंद्र सिंगौर (२८) है। कीडगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके आधार पर परेड ग्राउंड के पास इंटरलॉकिंग मार्ग से आरोपित को पकड़ा गया। बरामद सिरप विंग्स कंपनी का है। इसमें कोडीन फॉस्फेट और ट्रिप्रोलिडीन हाइड्रोक्लोराइड शामिल हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है कि वह प्रतिबंधित सिरप कहां से लाया था और किसे इसकी सप्लाई करने जा रहा था। सिरप की बरामदगी के बाद पुलिस इसके स्रोत और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। इससे पहले भी जिले में प्रतिबंधित कोडीन युक्त सिरप के साथ कई आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। हाल ही में जीआरपी ने भी प्रयागराज जंक्शन से कोडीन युक्त सिरप के साथ एक आरोपित को पकड़ा था। बतादें कि एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में एक कमरें में छापा मारकर पुलिस ने एक करोड़ से अधिक कीमत की कोडीन कप सिरप बरामद किया था। काररवाई में तीन आरोपितों को पकड़ा गया था। जबकि अब भी कई नामजद आरोपित फरार है। इसके छह दिन पहले ही यानी तीस सितम्बर को अतरसुइया थाना क्षेत्र में बड़ी काररवाई की गयी थी। एक मकान में बने गोदाम में करीब तीन करोड़ कीमत की कोडीन कफ सिरप और अन्य नशीली दवाओं को पुलिसने बरामद किया था। इस मामले में एक दम्पती को नामजद किया गया था। हालांकि पुलिस अब भी आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

विवाहिताकी हत्याके दोषी पति एवं श्वसुरको १४ सालकी सजा

अदालतने ७५ हजार अर्थ दंडभी लगाया

(विधि संवाददाता)

एमपी एमएलए अदालत के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार-तृतीय ने खीरी थाना क्षेत्र में हुए दहेज हत्या के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपित पति विकास सिंह एवं धुरेंद्र सिंह ससुर को दोषी करार दिया है। अदालत ने १४ वर्ष के कठोर कारावास एवं रुपए ७५,००० अर्थ दंड सहित अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील वैश्य ने बताया कि वादी अर्जुन सिंह ने अपनी बहन पूनम की शादी २६ मई २०२२ को विकास सिंह निवासी तेंदुआ खुर्द थाना खीरी के साथ की थी। आरोप था कि शादी में दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की अतिरिक्त मांग की जाती रही। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। २२ नंबर २३ को विकास ने अर्जुन सिंह को फोन करके बताया कि पूनम की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है आ जाइए। वहां पहुंचने पर देखा तो पूनम मृत पड़ी थी उसके शरीर पर कई गंभीर चोटे थी। ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी हत्या कर दिए।इस आधार पर थाना खीरी में पति सहित अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ धारा ४९८ए, ३०४बी आईपीसी और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षका आगमन २५ को

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना आगामी २५ अक्तूबर रविवार को पूर्वान्ह ११ बजे शंकरलाल मेमारियल हाल, सिविल लाइन्स आयेंगी और यहां पर प्रयाग जोन के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद श्रीमती मिश्रा अपरान्ह एक बजे अलोपीबाग स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल संस्थान में प्रयागराज संविधान सुरक्षा परिषद एवं किसान मजदूर मंचके तत्वावधान में सामाजिक न्याय पर आयोजित व्याख्यानमाला में शामिल होंगी।

गंगामें दस दिन नौकायन करेंगे एनसीसी के ६० कैडेट

प्रयागराजसे वाराणसी तक चलेगा अभियान, 'मिशन गंगा : स्वच्छ जल, हरित तट' थीमपर करेंगे जागरूक

गंगा की लहरों पर साहस और रोमांच का प्रदर्शन करने के साथ ही स्वच्छता का संदेश देने के लिए गुरुवार को सरस्वती घाट से एनसीसी नदी नौकायन अभियान-२०२६ का शुभारंभ हुआ। एनसीसी निदेशालय (उत्तर प्रदेश), लखनऊ के तत्वावधान में १ यूपी नेवल यूनिट एनसीसी, प्रयागराज की ओर से आयोजित इस १० दिवसीय अभियान में ६० कैडेट प्रयागराज से वाराणसी तक गंगा में नौकायन करेंगे। अभियान की थीम 'मिशन गंगा : स्वच्छ जल, हरित तट' रखी गई है।

एनसीसी निदेशालय (उत्तर प्रदेश) के अपर महानिदेशक मेजर जनरल गौरव गौतम ने सरस्वती घाट पर हरी झंडी दिखाकर अभियान दल को रवाना किया। इस मौके पर पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया, ब्रिगेडियर नवनीत डागर, ब्रिगेडियर चिव मेहता, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरव वत्स समेत सेना, पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। अभियान में ३५ बालक और २५ बालिका कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। इनके संचालन और मार्गदर्शन के लिए एक अधिकारी और २६ सहयोगी स्टाफ सदस्य तैनात किए गए हैं। नौकायन के लिए २७ फीट लंबी तीन डीके व्हेलर नौकाओं के साथ दो सुरक्षा नौकाएं और एक जेमिनी बोट भी शामिल की गई है। कैडेट २२ से ३१ अक्टूबर तक गंगा के जलमार्ग से प्रयागराज से वाराणसी पहुंचेंगे। अभियान का समापन ३१ अक्टूबर को वाराणसी के अस्सी घाट पर होगा। अभियान का उद्देश्य कैडेट्स में साहस, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्य भावना विकसित करना है। इसके साथ ही केंद्र सरकार के नमामि गंगे कार्यक्रम के अनुरूप गंगा की स्वच्छता, जल संरक्षण और प्रदूषण की रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। कैडेट प्रयागराज से रवाना होकर चांडी, सिरसा, पांडेयपुर परवा, हरगढ़ बाजार, डंगहर, निफरा, विसुंदरपुर, कठिनाई घाट और गंगपुर समेत निर्धारित पड़ावों से गुजरेंगे। रात्रि विश्राम के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर गंगा को स्वच्छ रखने और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण का संदेश देंगे।



साहसिक गतिविधियोंसे निखरेगा व्यक्तित्व- मेजर जनरल गौतम

अभियान से पहले सभी कैडेट्स को तैराकी, नौकायन, बोट पुलिंग, नौका संचालन, सीमैनशिप और जल सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। यात्रा के दौरान सुरक्षा नौकाओं, जीवन रक्षक जैकेट, संचार उपकरण, चिकित्सा सहायता और आपातकालीन बचाव की व्यवस्था की गई है। पूरे मार्ग पर संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। मेजर जनरल गौरव गौतम ने कहा कि इस तरह के साहसिक अभियान युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प विकसित करते हैं। ऐसे अनुभव कैडेट्स को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने और भविष्य में अनुशासित, आत्मनिर्भर व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करते हैं।

नवाबगंजमें पूजा पंडालसे घर लौट रही किशोरीसे दुराचार

दो युवकोंपर एफआईआर आरोपितोंकी तलाश

नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक गांव में सोमवार रात दुर्गा पूजा पंडाल से घर लौट रही एक किशोरी के साथ दो युवकों ने दुराचार किया। परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गये। शिकायत मिलने पर नवाबगंज पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बताया जाता है कि पुलिस एक आरोपित को हिरासतमें लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि हिरासतमें लिये जाने से पुलिस मामले से इनकार कर रही है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी सोमवार की रात गांव में आयोजित दुर्गा पूजा देखने गई थी। वहां से रात करीब आठ बजे वह अकेले घर लौट रही थी। रास्ते में मौजूद दो युवकों ने उसे अकेला देखा तो पीछा किया। सूनसान रास्ता देखकर दोनों उसे सड़क किनारे खींच ले गए और दुराचार किया। यही नहीं, जाते-जाते दोनों ने किशोरी को किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी पीड़िता रोते हुए घर पहुंची और अपनी मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता के पिता बाहर रहते हैं, जिस कारण मंगलवार सुबह बेटी को लेकर उसकी मां नवाबगंज पहुंची और तहरीर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने दबिश देनी शुरू की और गुरुवार को एक आरोपित को हिरासतमें में ले लिया। हालांकि नवाबगंज पुलिस किसी को हिरासत में लेने से इनकार किया है। नवाबगंज थाना प्रभारी पंकज अवस्थी ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध पाक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।